सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-448**
19/09/2017

बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, बिहार राज्य रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, आई0ओ0सी0 बरौनी, पारस अस्पताल, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, विधायक श्री शशि भूषण हजारी, महाधिवक्ता श्री ललित किशोर ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री को सौंपा चेक

पटना 19 सितम्बर, 2017 :– आज मुख्य सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड की तरफ से विकास आयुक्त श्री शिशिर सिन्हा ने पॉच करोड़ रूपये, बिहार राज्य रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड की तरफ से विकास आयुक्त श्री शिशिर सिन्हा ने एक करोड़ रूपये, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम की तरफ से प्रधान सचिव गृह श्री आमिर सुबहानी एवं निगम के सी0एम0डी0 श्री सुनील कुमार ने डेढ़ करोड़ रूपये, इंडियन ऑयल कम्पनी बरौनी ने 63,84,060 रूपये, पारस अस्पताल की तरफ से डॉ0 हई ने पॉच लाख रूपये, महाधिवक्ता श्री ललित किशोर ने अपनी तरफ से 6,36,918 रूपये तथा बिहार राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष के रूप में एक लाख ग्यारह हजार रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सौंपा।

इसके पूर्व 1 अणे मार्ग में विधायक श्री शशि भूषण हजारी ने 51 हजार रूपये तथा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बिहार की ओर से विधान पार्षद श्री देवेश चन्द्र ठाकुर, महासंघ के प्रदेश महामंत्री श्री पंकज कुमार, अध्यक्ष श्री रजनीश कुमार ने एक लाख रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सौंपा।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान करने के लिये सभी को धन्यवाद दिया तथा उनके इस सामाजिक पहल की सराहना की।

******